दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 21 दिसंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 84

## भारतीय नौसेना को मिली गाइडेड वेपन युक्त स्कॉर्पीन श्रेणी की पांचवीं पनडुब्बी वागीर



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पी-75 की पांचवीं स्कॉर्पीन पनडुब्बी को भारतीय नौसेना में कमीशन किया जा रहा है। 20 दिसंबर को यह स्कॉर्पीन पनडुब्बी, रियर एडमिरल सी रघुराम की मौजूदगी में भारतीय नौसेना को सुपुर्द की गई। स्कॉर्पीन पनडुब्बी विविध प्रकार के लक्ष्यों जैसे एन्टी-सरफेस, एंटी- सबमेरीन, इंटेलिजेन्स गैदरिंग, माइन लेइंग, एरिया सरविलेन्स इत्यादि में निपुण है। इसमें अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से एडवांस्ड एकाउस्टिक एबसार्वशन टेक्नीक, लो रेडिएटेड न्याएज लेवल्स और प्रीसिशन गाइडेड वेपन है। यह दुश्मन पर गंभीर आक्रमण करने की क्षमता रखती है। पानी में और सतह दोनों स्थानों पर पनडुब्बी से हमला किया जा सकता है।

माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहल को जारी रखते हुए पी-75 की पांचवीं स्कॉर्पीन पनडुब्बी की परियोजना पूरी की है। इसे आईएनएस वागीर के रूप में भारतीय नौसेना में कमीशन किया जाएगा। वागीर की लॉन्चिंग 12 नवंबर 2020 को कि गई थी। इसे युद्ध योग्य पनडुब्बी बनाने हेतु एवं इसकी सुपुर्दगी सुनिश्चित करने के लिए इसके एक वर्ष से अधिक समय तक बहुत व्यापक और कठोर परीक्षण और ट्रायल किए गए हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए, एमडीएल के सीएमडी सेवानिवृत्त वाइस एडमिरल नारायण प्रसाद ने कहा कि वागीर की सुपुर्दगी के साथ, भारत ने एक पनडुब्बी निर्माण राष्ट्र के रूप में अपनी स्थिति को और अधिक मजबूत किया है। कलवरी खंडेरी, करंज, बेला और अब वागीर पनडुब्बी की सुपुर्दगी ने पनडुब्बी निर्माण करने वाले देशों के विशेष समूह में भारत की सदस्यता को प्रमाणित किया है।

सीएमडी ने कहा कि स्कॉर्पीन पनडुब्बी में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी ने बेहतर स्टील्थ सुविधाओं को सुनिश्चित किया है, जैसे कि एडवांस्ड एकाउस्टिक एबसार्वशन, लो रेडिएटेड न्याएज लेवल्स हाइड्रो- डाइनमिकली ऑपटीमाइजड शेप इत्यादि। यह गाइडेड वेपन का उपयोग करते हुए दुश्मन पर गंभीर आक्रमण करने की क्षमता रखता है। पानी में इसकी यह विशेषता, स्टील्थ को एक शक्तिशाली मंच प्रदान करता है। ये स्टील्थ विशेषताएं इसको अभेद्य और बेजोड़ बनाती हैं।

सीएमडी ने कहा कि एमडीएल हमेशा राष्ट्र के दूरदर्शी, प्रतिरोधी और प्रगामी स्वदेशी युद्धपोत निर्माण कार्यक्रम में आगे रहा है। वास्तव में, विभिन्न प्रकार के लड़ाकू मंचों के साथ जैसे लीएडर और गोदावरी श्रेणी युद्धपोत, खुकरी श्रेणी कारवेट्स, तटरक्षक ओपीवीएस बोट्स, दिल्ली, कोलकाता एवं विशाखापट्टनम श्रेणी विध्वंसक, शिवालिक श्रेणी स्टील्थ विध्वंसक, एसएसके पनदुब्बियां और स्कोर्पिन पनडुब्बी इस क्षेत्र में हैं। एमडीएल का वर्तमान इतिहास भारत में स्वदेशी युद्धपोत एवं पनडुब्बी निर्माण का पर्याय है।

आत्मनिर्भर भारत की ओर एक मुख्य पहल के रूप में, एमडीएल ने एक मिजेट पनडुब्बी का रूपांकन और निर्माण का आरंभ किया है। जो भविष्य में होने वाले स्वदेशीकृत पनडुब्बी कार्यक्रम के लिए संकल्पना का प्रमाण साबित होगा।

उन्होंने कहा कि ठीक समय पर भविष्य की चुनौतियों के बारे में संवेदनशील और जागरूक होकर, एमडीएल ने अपनी बुनियादी ढांचा और सुविधाओं के लिए एक व्यापक आधुनिकीकरण कार्यक्रम पूरा किया है, जो हमें 10 उत्तम युद्धपोत और 11 पण्डुब्बियों का निर्माण करने में एक साथ सक्षम बनाते हैं। यह बुनियादी संरचना वास्तव में राष्ट्रीय संपत्ति है

## चीन को मिलेगा करारा जवाब, भारतीय सेना को मिलेगी प्रलय बैलिस्टिक मिसाइल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय सेना की ताकत और बढऩे वाली है। इंडियन आर्मी को 'प्रलय' बैलिस्टिक मिसाइल मिलने जा रही है। यह मिसाइल 150 से 500 किलोमीटर तक के लक्ष्य को भेद सकती है। 150 से 500 किमी की रेंज के साथ, 'प्रलय' में सॉलिड प्रोपेलेंट वाला रॉकेट मोटर लगा है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि भारतीय रक्षा बलों ने मिसाइल के लिए जो प्रस्ताव भेजा था वह अब एडवांस स्टेज में है। इस सप्ताह एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान इसे मंजूरी दिए जाने की संभावना है। इस मिसाइल के हमले को इंटरसेप्टर मिसाइल भी नहीं तोड़ पाएगी।



यह हवा में कुछ रेंज तक अपनी रास्ता खुद बदलने में सक्षम है। प्रलय मिसाइल को मोबाइल लॉन्चर से लॉन्च किया जा सकता है। बताया जाता है कि इस मिसाइल को भारत-चीन सीमा पर तैनात करने की योजना बनाई जा रही है। इसकी मदद से ऊंचाई पर मौजूद चीनी टारगेट्स पर हमला करना आसान होगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### एयरपोर्ट पर बम होने की सूचना से अफरा तफरी

**गग्गल (आरएनएस)।** गग्गल एयरपोर्ट पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब किसी ने एयरपोर्ट निदेशक धीरेंद्र सिंह को एयरपोर्ट पर बम होने की सूचना दी। निदेशक ने तुरंत अलर्ट जारी करते हुए सभी सुरक्षा एजैंसियों को सूचित किया। इसी बीच सूचना मिलते ही एयरपोर्ट प्रबंधन को अलर्ट कर दिया गया। एयरपोर्ट के मुख्य प्रबंधक शैलेश सिंह तथा हवाई अड्डे के मुख्य सुरक्षा अधिकारी केपीएस ने बताया कि बम की सूचना मिलते ही धर्मशाला से बीडीडीएस की टीम एयरपोर्ट पर पहुंच गई, जिसने तुरंत बम बरामद करके डिफ्यूज कर बड़ी घटना होने से बचा ली। यह घटना वास्तविक न होकर पूर्वाभ्यास का हिस्सा थी, जिसका आयोजन हवाई अड्डा अथॉरिटी तथा जिला पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

### गैस गीजर से दम घुटने से बच्ची की मौत

**शामली (आरएनएस)।** जिले के कांडला कस्बे में शौचालय में दम घुटने से 17 वर्षीय एक लडक़ी की मौत हो गई। 12वीं कक्षा की छात्रा इशिका गोयल नहाने गई थी, लेकिन जब वह काफी देर तक वॉशरूम से बाहर नहीं आई तो परिवार वालों ने दरवाजा तोड़ा और उसे बेहोश पाया। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत का कारण गीजर से गैस का निकलना और वेंटिलेशन न होना बताया जा रहा है। मृतक के पिता संजय गोयल ने कहा, इस घटना से परिवार के लोग सदमे में हैं। शामली के स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारी डॉ अनुपम सक्सेना ने कहा, गैस गीजर आमतौर पर घरों में मौजूद होते हैं, लेकिन उनके वेंटिलेशन के लिए उचित व्यवस्था की जानी चाहिए।

### केरल में पुलिस पर हमला करने वाले तीन लोग गिरफ्तार

**कोच्चि (आरएनएस)।** केरल के कलूर में फीफा विश्व कप फाइनल के दौरान पुलिस अधिकारियों पर हमला करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आज यहां बताया कि फीफा विश्व फाइनल मैच के दौरान पुलिस अधिकारियों पर हमला करने के आरोप में पुलिस ने अरुण जॉर्ज, सारथ और रिविन को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज किया है।

### सुरक्षाबलों ने लिया कश्मीरी पंडित की हत्या का बदला, शोपियां में लश्कर के तीन आतंकी ढेर

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को मार गिराया, जिसमें एक कश्मीरी पंडित का कथित हत्यारा भी शामिल है। संयुक्त बलों को आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में एक गुप्त सूचना मिलने के बाद शोपियां के मुंझ मार्ग इलाके में एक घेराबंदी और तलाशी अभियान के शुरू किया गया। इस दौरान आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। एक सुरक्षा अधिकारी ने कहा, जब इलाके की घेराबंदी की जा रही थी उसी समय वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी। इसका सुरक्षा बलों ने प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया। मुठभेड़ में लश्कर के तीन आतंकवादी मारे गए। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने मारे गए दोनों लोगों की पहचान शोपियां के लतीफ लोन और अनंतनाग के उमैर नजीर के रूप में की है। कुमार ने कहा, लतीफ लोन एक कश्मीरी पंडित पुराण कृष्ण भट की हत्या में शामिल था और उमर नजीर नेपाल के बहादुर थापा की हत्या के पीछे था। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ स्थल से एक एके 47 राइफल और दो पिस्तौल बरामद किए गए हैं।

### लखनऊ चिड़ियाघर में बीमार मादा तेंदुए की मौत

**लखनऊ (आरएनएस)।** लखनऊ के नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान में 15 वर्षीय मादा तेंदुए की मौत हो गई है। उसका 2018 से चिड़ियाघर के चिकित्सा केंद्र में इलाज चल रहा था। चिड़ियाघर के एक बयान में सामने आया है कि वह लंबे समय से बीमार थी और शनिवार को उसके स्वास्थ्य में तेजी से खराब हो गई थी। उसने खाना और पानी भी लेना बंद कर दिया था। इस बीच चिड़ियाघर में कुछ बाघ भी गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं से पीड़ित हैं। दैनिक तापमान में गिरावट के साथ चिड़ियाघर की पशु चिकित्सा टीम बीमार जंगली जानवरों को सहज रखने और बीमारियों का इलाज करने के लिए काम कर रही है।

## दिल्ली अदालत ने जैकलीन की विदेश जाने की मांग वाली याचिका को 22 दिसंबर तक स्थगित किया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की विदेश यात्रा की अनुमति मांगने वाली याचिका को गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दिया। विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी किया और 23 दिसंबर से बहरीन की यात्रा की अनुमति मांगने वाली फर्नांडीज के आवेदन पर जवाब मांगा।

संक्षिप्त सुनवाई के दौरान फर्नांडीज भी अदालत के समक्ष पेश हुई। 12 दिसंबर को, अदालत ने धन उगाही मामले में उनकी सुनवाई मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी थी। उसी दिन, दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी मामले के सिलसिले में चंद्रशेखर की पत्नी लीना मारिया द्वारा दायर जमानत याचिका पर पुलिस को नोटिस जारी किया था।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की एकल-न्यायाधीश पीठ ने 2 फरवरी, 2023 को अगली सुनवाई के लिए मामले को सूचीबद्ध करते हुए पुलिस से छह सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा। 30 नवंबर को, दिल्ली पुलिस ने चंद्रशेखर की सहयोगी पिंकी ईरानी को गिरफ्तार किया, जिसने चंद्रशेखर को फर्नांडीज से मिलवाया।

आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने पिछले साल चंद्रशेखर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। इसने आईपीसी की विभिन्न धाराओं और महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट (मकोका) के प्रावधानों के तहत चंद्रशेखर, लीना मारिया समेत 14 अभियुक्तों के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। चंद्रशेखर ने कथित तौर पर रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटरों शिविंदर सिंह और मालविंदर सिंह की पत्नियों से 200 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी। उसने पत्नियों अदिति सिंह और जपना सिंह को केंद्रीय कानून मंत्रालय के एक अधिकारी के रूप में दिखाकर और उनके पतियों के लिए जमानत सुनिश्चित करने के लिए कई करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की।

## ओडिशा शिक्षक हत्याकांड के मुख्य आरोपी ने जेल में की आत्महत्या

**भुवनेश्वर (आरएनएस)।** 2021 में शिक्षिका ममिता मेहर की सनसनीखेज हत्या के मुख्य आरोपी गोबिंद साहू ने मंगलवार को बलांगीर जिले के कांटाबांजी उप-जेल में कथित रूप से आत्महत्या कर ली, एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। डीआईजी (कारागार), सुभकांत मिश्रा ने कहा, मुझे जेलर का फोन आया कि गोबिंद साहू ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया है। जब वह साहू को अस्पताल ले गए, तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिश्रा ने कहा कि संबलपुर के डीआईजी को जांच करने और 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट देने को कहा गया है।

संबलपुर के डीआईजी दीपक कुमार ने मीडियाकर्मियों को बताया, ममिता मेहर हत्याकांड के मुख्य आरोपी को मंगलवार को अदालत में पेश होना था। जब एस्कॉर्ट टीम उप-जेल जा रही थी, तो हमें सूचना मिली कि साहू ने आत्महत्या कर ली है। कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी)और सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार मामले की गहन जांच की जाएगी।

इस बीच, ओडिशा के डीजीपी सुनील बंसल ने साहू की मौत की क्राइम ब्रांच जांच के आदेश दिए हैं। कुमार ने कहा कि साहू के पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराई जाएगी और एनएचआरसी को 24 घंटे के भीतर आत्महत्या के बारे में सूचित किया जाएगा। डीजीपी के आदेश पर डीएसपी बिजय मलिक के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम मामले की जांच के लिए कांटाबांजी रवाना हो गई है। सूत्रों ने कहा कि फोरेंसिक विशेषज्ञ जांच में मदद करेंगे। इस बीच साहू की पत्नी सुसमा ने आरोप लगाया कि उसके पति की हत्या की गयी है। उसने आरोप लगाया, वह मानसिक रूप से मजबूत व्यक्ति था। अगर वह आत्महत्या करना चाहता, तो उसने बहुत पहले कर लिया होता, एक साल से अधिक समय बीतने के बाद नहीं। यह एक पूर्व नियोजित हत्या है। सुसमा ने पति की मौत के लिए जेल प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए इस मामले की सीबीआई जांच की भी मांग की। उन्होंने इस संबंध में केगांव थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मामले का स्वत: संज्ञान लेते हुए, ओडिशा मानवाधिकार आयोग (ओएचआरसी) ने जेलों के विशेष महानिदेशक और बोलांगीर एसपी को 15 दिनों के भीतर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। जेल में साहू की कथित आत्महत्या पर विपक्षी दलों भाजपा और कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। भाजपा ने मामले की सीबीआई जांच की मांग की, वहीं कांग्रेस ने यह पता लगाने के लिए निष्पक्ष या न्यायपालिका जांच की मांग की कि साहू ने किन परिस्थितियों में अपनी जान ली। बोलांगीर जिले के तुरेकेला प्रखंड की रहने वाली ममिता मेहर कालाहांडी जिले के महालिंग के अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शिक्षिका के रूप में कार्यरत थीं। वह 8 अक्टूबर, 2021 को लापता हो गई थी। 19 अक्टूबर, 2021 को पुलिस ने उसका सड़ा-गला शव महलिंग के एक निर्माणाधीन स्टेडियम से बरामद किया था। स्कूल के प्रमोटर साहू ने कथित तौर पर उसकी गला दबाकर हत्या की थी।

## नासा के मंगल ग्रह इनसाइट लैंडर ने पोस्ट की ट्विटर पर अपनी आखिरी तस्वीर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नासा के मंगल ग्रह इनसाइट लैंडर ने ट्विटर पर अपनी आखिरी तस्वीर पोस्ट की, क्योंकि यह लाल ग्रह के इंटीरियर के रहस्यों को उजागर करने के अपने इतिहास-निर्माण मिशन के समापन की तैयारी कर रहा है। अंतरिक्ष यान की बिजली उत्पादन में गिरावट जारी है, क्योंकि इसके सौर पैनलों पर हवा के साथ उडऩे वाली धूल की परत मोटी हो जाती है।



इनसाइट लैंडर टीम के एक सदस्य ने पोस्ट किया, मेरी शक्ति वास्तव में कम है, इसलिए मैं जो भेज रहा हूं, यह आखिरी तस्वीर हो सकती है। हालांकि मेरे बारे में चिंता न करें, मेरा समय यहां उत्पादक और शांत दोनों रहा है। अगर मैं अपनी मिशन टीम से बात कर सकता हूं, तो मैं जल्द ही यहां से विदा लूंगा। मेरे साथ रहने के लिए धन्यवाद।

30 सदस्यीय विषम ऑपरेशन टीम अन्य मंगल मिशनों की तुलना में एक छोटा समूह - इनसाइट (भूकंपीय जांच, जियोडेसी और हीट ट्रांसपोर्ट का उपयोग करके आंतरिक अन्वेषण कार्य) ने सबसे अधिक निष्कर्ष देता रहा है।

इनसाइट मिशन के साथ अंतिम चरणों में सबसे महत्वपूर्ण अपने डेटा के भंडार को संग्रहीत करना और इसे दुनिया भर के शोधकर्ताओं के लिए सुलभ बनाना है।

नासा के अनुसार, लैंडर डेटा ने मंगल की आंतरिक परतों, इसके तरल कोर, इसके ज्यादातर विलुप्त चुंबकीय क्षेत्र की सतह के नीचे आश्चर्यजनक रूप से चर अवशेष, मंगल के इस हिस्से पर मौसम और बहुत सारी भूकंप गतिविधि के बारे में विवरण प्राप्त किया है।

नवंबर 2018 में लैंडर के नीचे उतरने के बाद से इनसाइट के सीस्मोमीटर ने 1,300 से अधिक भूकंपों का पता लगाया है, जो 5 की तीव्रता को मापने वाला सबसे बड़ा है। इसने उल्कापिंड के प्रभावों से भी भूकंप दर्ज किए।

मिशन के मुख्य अन्वेषक दक्षिणी कैलिफोर्निया में नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी के ब्रूस बैनडेट ने कहा, आखिरकार, हम मंगल ग्रह को विभिन्न मोटाई की परतों वाले ग्रह के रूप में देख सकते हैं।

उन्होंने कहा, हम वास्तव में विवरणों को छेडऩा शुरू कर रहे हैं। यह अब सिर्फ पहेली नहीं है, यह वास्तव में एक जीवित, यानी सांस लेने वाला ग्रह है।

सीस्मोमीटर रीडिंग नासा के प्लैनेटरी डेटा सिस्टम में अपोलो चंद्र मिशन और वाइकिंग मार्स मिशन से अलौकिक भूकंपीय डेटा के केवल अन्य सेटों में शामिल होंगे।

जेपीएल के सू स्रेकर, इनसाइट के डिप्टी प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर ने कहा, वे भूकंप विज्ञान के लिए शामिल अनुसंधान संस्थानों द्वारा चलाए जा रहे एक अंतर्राष्ट्रीय संग्रह में भी जाएंगे, जिसमें सभी स्थलीय भूकंपीय नेटवर्क डेटा हैं और अब, हमारे पास मंगल ग्रह पर भी एक है।

स्मरेकर ने कहा कि डेटा से दशकों तक खोज जारी रहने की उम्मीद है।

इनसाइट के साथ फिर से संपर्क स्थापित करने के लिए किसी वीरतापूर्ण उपाय की जरूरत नहीं होगी। जबकि मिशन-बचत घटना हवा के एक तेज झोंका जैसी है, जो पैनलों को साफ करती है - प्रश्न से बाहर नहीं है, इसे असंभाव्य माना जाता है।

## असम में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक स्टंट करते 5 लोग गिरफ्तार

**गुवाहाटी (आरएनएस)।** असम के हैलाकांडी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर खतरनाक बाइक स्टंट करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हैलाकांडी को करीमगंज से जोडऩे वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर पांच युवक बाइक स्टंट कर रहे थे। पुलिस ने उन सभी को अमीन लस्कर, अब्दुर रहमान लस्कर, फकरुल इस्लाम लस्कर, अब्दुल अजीज और इकबाल हुसैन मजूमदार के रूप में गिरफ्तार किया।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड करने के बाद समूह के बाइक स्टंट ने पुलिस का ध्यान खींचा। इससे पहले असम के विशेष डीजीपी जी.पी. सिंह ने हाईवे पर खतरनाक स्टंट करने की कोशिश करने वाले बाइकर्स को चेतावनी दी थी।

सिंह ने ट्विटर पर लिखा, असम के लोगों से अनुरोध है कि वे नियमित रूप से किसी भी स्थान या स्टंट बाइकिंग में शामिल व्यक्तियों के बारे में सीधे संदेश के माध्यम से सूचित करें। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस तरह के प्रदर्शन को असम पुलिस के संज्ञान में भी लाया जा सकता है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को सभी जिला प्रशासन के अधिकारियों को असम में सडक़ दुर्घटनाओं को कम करने के लिए उचित सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## आर्मी एडवेंचर टीम ने जीती ऑटोज 365 ब्लेज़ डी डेजर्ट मोटर रैली टीम ट्रॉफी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** ऑटोज365' के ब्लेज़ डी डेजर्ट मोटर रैली का आज समापन हो गया। इस रैली में ऑर्मी एडवेंचर टीम, पेशेवरों, एवं महिला मोटर चालकों ने अधिकांश ट्रॉफी जीतकर शो को अपने नाम कर लिया। 288 मीडियम रेजीमेंट के मेजर हितेश के नेतृत्व में ऑर्मी एडवेंचर टीम ने ट्रॉफी जीती और इसी श्रेणी में ऑरेंज चिलीज उपविजेता रही।



राजा सिंह चनॉय ने 4 व्हील ड्राइव ट्रॉफी में चैंपियन ट्रॉफी को जीतने के लिये अपने कौशल एवं विशेषज्ञता का भरपूर प्रदर्शन किया। दरअसल, 17 दिसंबर को अग्रणी ऑटो सर्विस प्रदान करने वाली ऑटो365 ने ब्लेज़ डी डेजर्ट मोटर रैली का आयोजन किया गया जिसमें रैली नीमराना से शुरू होकर 600 किलोमीटर के कच्चे-पक्के रास्तों को पार करते हुए मंडावा तक पहुंची। इस मोटर रैली में पूर्व रक्षा महिला अधिकारियों, वरिष्ठों, ऑर्मी पेशेवर टीम और प्रसिद्ध मोटर चालकों ने समय, गति एवं दूरी के मापदंडों पर अपने मोटर कौशल का प्रदर्शन किया।

रैली, कुहालू, कोल्लाली, पाटोदा, ताई, बिसाऊ, अलसीसर, महनसर, मलसीसर, रामगढ़ शेखावाटी, तिहावली, खलासी, सदिनसर, डबरी, दिनवा और चुरी सहित विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी।

इसके बारे में ऑटोज365 के सीओओ रेहान भारद्वाज ने कहा कि, रैली में लगभग 100 मोटर चालकों ने भाग लिया, जिसमें समचुच 12 विभिन्न श्रेणियों में सभी प्रतिभागियों के बीच करीबी मुकाबला था।

हमने प्रतिभागियों को प्रत्येक समूह के लिए छह श्रेणियों के साथ दो समूहों - 4&4 और 4&2 में विभाजित किया। ब्लेज़ डे डेजर्ट इस मायने में अनोखा रहा क्योंकि हमने मंडावा (टिब्बा क्षेत्र) में 3-4 किमी इलाके के साथ एक सुपर स्पेशल स्टेज बनाया था। टोरंटो से पूर्व रक्षा अधिकारी 74 वर्षीय हरविंदर आद्या, पूर्व भारतीय वायु सेना अधिकारी 64 वर्षीय मीनाक्षी सहाय, 50 वर्षीय डॉ वाणीश्री, एवं आशिमा कौशिक (एनआरआई) ने रैली को बहुत ही रोमांचक बना दिया। आशिमा कौशिक ने नेविगेटर के रूप में अपने पार्टनर सिद्धार्थ के साथ मिलकर 2 ग्रुप में कपल ओपन ट्रॉफी जीता। वहीं, मनीष चतुर्वेदी और मनीष वोहरा ने 2ट्रॉफी जीती। सभी महिला टीम वर्ग में क्षमता यादव विजेता रहीं। अन्य विजेताओं में शेफाली गोयल (युगल ओपन), प्रश्न लूथरा (एमेच्योर ओपन) और शफात मजीद (जिप्सी ओपन) के नाम शामिल हैं।

अत्यधिक अनुभवी महिला मोटर चालकों एवं आर्मी एडवेंचर टीम ने इस रैली को असाधारण बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रैली में पूरे भारत भर से 100 से अधिक मोटर चालकों ने अपने छोटे, मध्यम और उच्च श्रेणी के वाहनों के साथ भाग लिया।

रैली के बारे में और अधिक जानकारी देते हुए ऑटोज 365 के एमडी कविंदर खुराना ने कहा कि ऑटोज़365 का उद्देश्य देश में मोटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देना है और यह तो बस शुरुआत है। हम आने वाले महीनों में पूरे भारत में पांच मोटर रैलियां करने की योजना बना रहे हैं। हमारा मुख्य उद्देश्य सडक़ सुरक्षा और यातायात नियमों के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के साथ पर्यटन को बढ़ावा देना है। हमें विश्वास है कि ब्लेज़ डे डेजर्ट से शेखावाटी क्षेत्र के पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा। जहां तक जागरूकता और सेवाओं का सवाल है, हम जल्द ही विशेष रूप से मोटर चालकों के लिए नए युग के नवीन तकनीक-सक्षम एप्लिकेशन पेश करेंगे।

ब्लेज़ डी डेजर्ट को न केवल मोटर चालकों बल्कि ऑटो एवं संबंधित क्षेत्रों से जुड़े लोगों से भी जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और उन्होंने रैली को पूरा समर्थन दिया है।